R.N.I. REGN. No. 69401/98

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

डाक रजि० नं० UP/BR/GBD-219/2021-23

राष्ट्रीय/लोकल पेपर में विज्ञापन दें

राष्ट्रीय समाचार पत्र व स्थानीय में जीडीए, नगर निगम सूचना, खोया-पाया, सम्बंध विच्छेद, कोर्ट सूचना विवाह आदि के विज्ञापन देने के लिए सूचित करें।

9871202247, 8700943182

गाजियाबाद, व गौतमबुद्धनगर से एक साथ प्रकाशित तथा नई दिल्ली, लखनऊ, हापुड़, साहिबाबाद व नोएडा से सर्वाधिक प्रसारित

# सत्ता बन्धु

हिन्दी समाचार पत्र

e-mail: sattabandhu@gmail.com
www.sattabandhu.com



वर्ष : 27 अंक : 48 (साप्ताहिक) गाजियाबाद 28 मई से 6 जून, 2025 सम्पादक : मुकेश गुप्ता मूल्य : एक रूपया पृष्ठ : 4

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने जन्मदिन पर भगवान श्रीराम के दरबार में लगाई हाजिरी





**सत्ता बन्धु**

अयोध्या। गोरक्षपीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को पवित्र नगरी अयोध्या पहुंचे। इस विशेष दिन पर उन्होंने श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया और भगवान श्रीराम की आरती उतारी। मुख्यमंत्री का यह दौरा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व से परिपूर्ण रहा, जिसमें वे विभिन्न मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामकथा हेलीपैड पर उतरने के बाद सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान बजरंगबली की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। हनुमानगढ़ी में पूजा के बाद वे श्रीरामलला मंदिर की ओर रवाना हुए। श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से किया दर्शन-पूजन श्रीरामलला मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा की और उनकी आरती उतारी। इस दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ उत्साहपूर्ण माहौल बनाया। मुख्यमंत्री ने भक्तों के साथ संवाद किया और उनकी शुभकामनाएं स्वीकारीं।

मुख्यमंत्री ने श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया। इस समारोह में माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के विग्रहों के साथ-साथ भगवान बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुई। सफेद संगरमर से बनी प्रतिमाएं अलग ही शोभा बिखेर रही थीं। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अभिजित मुहूर्त में आज श्रीराम दरबार के साथ मन्दिर परिसर के सभी नवनिर्मित देवालयों में एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई। मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला मंदिर के मुख्य परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में भी गये, जहां विभिन्न देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। श्रीराम दरबार और शेषावतार के साथ जिन मन्दिरों में प्राण प्रतिष्ठा हुई वे हैं परकोटा के ईशान कोण पर स्थित शिव मंदिर, अग्निकोण में गणेशजी, दक्षिणी भुजा के मध्य में हनुमानजी, नैऋत्य कोण में सूर्य, वायव्य कोण में मां भगवती के साथ परकोटा की उत्तरी भुजा के मध्य में अन्नपूर्णा माता प्रतिष्ठित हुईं।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गाजियाबाद प्राधिकरण प्रांगण में अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण करते पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित जितेंद्र सिंह शंटी।






## संपादकीय

# ट्रंप का रवैया

चुनाव के बल पर अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप इस बात को बखूबी समझते हैं कि उनके हर बयान का असर भारत की घरेलू राजनीति पर पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद वह लगातार, दुनियाभर में घूम- घूम कर यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने व्यापार रोकने की धमकी



देकर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाया था। भारत द्वारा इनकार करने के बावजूद ट्रंप चुप होने को तैयार नहीं है और हर बार उनका बयान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए असहज स्थिति पैदा करता हुआ नजर आता है। भारत में कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी राजनीतिक दल डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर सरेंडर करने का आरोप लगा रहे हैं। देश के 16 विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर, इन तमाम मसलों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। भारत की घरेलू राजनीति में मचे बवाल के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने दावे को दोहरा रहे हैं और इससे यह बात साफ होती जा रही है कि वह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की साख का अपने फायदे के लिए दुरुपयोग करना चाहते हैं। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने तो खुलकर कह दिया है कि भारत द्वारा रूस से सैन्य साजोसा मान खरीदने और ब्रिक्स समूह ( जिसमें भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है) में शामिल होने के कारण अमेरिका भारत से नाराज है। यहां यह बात याद रखने वाली है कि आजादी के बाद अमेरिका और सोवियत संघ रूस के नेतृत्व में बंटे दो ध्रुवीय विश्व में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने ही गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखकर भारत के स्टैंड को साफ कर दिया था। जबकि अमेरिका ने ऐसे हर मौके पर पाकिस्तान का साथ दिया, उसे हथियार दिए, सैन्य साजो सामान दिए। यहां तक कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान को आतंकवादियों का गढ़ तक बनने दिया। हर तरह से भारत के लिए मुश्किलें पैदा करने वाला अमेरिका एक बार फिर से पाकिस्तान के साथ ही खड़ा होता हुआ नजर आ रहा है। भारत ने कई दशकों तक चले प्रयासों के कारण अपने आपको पाकिस्तान से कहीं ज्यादा आगे खड़ा कर दिया था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी सरकार भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही तराजू के दो पलड़ो पर खड़ा करने की नापाक कोशिश कर रही है।

# शिक्षक, पत्रकार व समाजसेवी लज्जाराम भाटी को श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़



**सत्ता बन्धु**

गौतमबुद्ध नगरः- कटहरा ग्रेटर नोएडा निवासी लज्जाराम भाटी जो की शिक्षक,पत्रकार और समाजसेवी थे,उनकी श्रद्धांजलि सभा भारतीय आदर्श वैदिक बालिका इंटर कॉलेज तिलपता ग्रेटर नोएडा में हुई। सभा में पूरे क्षेत्र के लोग दूर दूर से आए। उनके दो पुत्र है बड़े महकार भाटी जो की पत्रकार है,

छोटे बेटे सुनील भाटी जो गौतम बुधनगर में भारतीय जनता पार्टी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष है पूर्व में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रह चुके है,उनके पिताजी स्वर्गीय लज्जा राम भाटी का पूरे क्षेत्र में आना जाना रहता था इसी नाते दूर दूर से लोग आए। सभा में आने वाले में इंदिरा गांधी के पौत्र वरुण गांधी,गाजियाबाद के लोक प्रिय विधायक संजीव शर्मा, धर्मयात्रा महासंघ के अध्यक्ष विकास बंसल खीरा के चेयरमैन रीना भाटी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमरी, दादरी विधायक तेजपाल नगर,पूर्व विधायक नबाब सिंह नगर, जिला पंचायत चेयरमैन अमित चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सुरेंद्र भाटी, महिपाल कसाना, तेजा गुर्जरमंच का संचालन डॉ अशोक नागर ने किया। वरिष्ठ भाजपा नेता राम कुमार वर्मा महामंत्री तरुण शर्मा,मनोज गौतम, कालीचरण,पूर्व अध्यक्ष लब्बू शर्मा, दादरी भाजपा अध्यक्ष राजीव सिंघल,ईश्वर वर्मा, विक्रम ठेकेदार,राजे कसाना, पूर्व मंत्री वेदराम भाटी, सपा के प्रवक्ता राजकुमार भारी, आदेश भाटी,दादरी की चेयरमैन गीता पंडित,अन्नू पंडित, समरपाल चौहान, तिलपता स्कूल प्रबंधक बलबीर आर्य, दादरी पूर्व अध्यक्ष सोमेश गुप्ता, डॉ जतन लाल गर्ग,शरण गर्ग, अनेकों पत्रकारण बन्धु के साथ हजारों लोग श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहे

# शुभचिंतकों ने धूमधाम से मनाया रामदुलार यादव का जन्मदिन





**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक/ अध्यक्ष समाजवादी चिन्तक राम दुलार यादव शिक्षाविद का 73वां जन्म दिन समारोह समर्थकों, शुभ चिंतकों द्वारा आयोजित किया गया, शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव पार्क जी0 टी0 रोड साहिबाबाद के प्रांगण में हजारों लोगों ने मीठा निर्मल जल ग्रहण कर उन्हें शुभ कामना दी, तथा फूल-मालाओं, पुष्प गुच्छों के साथ पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया,

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं, ज्ञानपीठ केन्द्र के साथियों सहित सैकड़ों लोगों ने दीघार्यु की कामना की, जोरदार नारे लगाये गये, गजब का उत्साह-उल्लास कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहा था, कार्यक्रम का सन्देश, उद्देश्य ह्लजन-जन में सद्भाव, प्रेम और भाईचारा, यही पैगाम हमाराह्व को प्रचारित-प्रसारित करना था` ज्ञानपीठ केन्द्र के प्रांगण में छात्रों, प्रतियोगी छात्रों व राजनैतिक कार्यकताओं को पुस्तकें भेंट की गयी।

इस अवसर पर शिक्षाविद समाजवादी चिन्तक राम दुलार यादव ने सभी शुभ चिंतकों, समाजवादी साथियों, गणमान्य विद्वानों, ज्ञानपीठ केन्द्र के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश वासियों से कहा था कि ह्लदुनिया में हम तभी सम्मान प्राप्त कर सकते है जब हम आन्तरिक दृष्टि से मजबूत होंगे,

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक मुकेश गुप्ता ने नूतन आफसेट प्रिंटिंग प्रेस 5 मालीवाड़ा, गाजियाबाद से छपवाकर 'सत्ता बन्धु' कार्यालय 10बी-50/302 द्वितीय मंजिल, ब्रह्मपुत्र एनक्लेव, सैक्टर-10, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद से प्रकाशित किया। समाचार पत्र से जुड़े सभी पद अवैतनिक हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा। प्रकाशित विचारों से सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**गाजियाबाद कार्यालय** : 10, द्वितीय मंजिल शंभूदयाल काम्पलैक्स निकट एमएमजी अस्पताल, जी.टी. रोड़ गाजियाबाद

**सम्पादक : मुकेश गुप्ता**

मो0:- 9871202247, 8700943182

**नोएडा कार्यालय** : 'लिटिल हाइट्स' निकट शिव दुर्गा मंदिर, सैक्टर-51 गिझौड़ नोएडा, गौतमबुद्धनगर

**विद्या सागर ( 9811142676 )**

# समाजवादी पार्टी ने विनोद सविता को सदर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया




**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने सम्मेलन के माध्यम से बताया कि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव विनोद सविता ने गिजियाबाद सदर विधान सभा में संगठन के कार्यों की समीक्षा की, पार्टी की ओर से विनोद सविता को सदर विधान सभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है, विजय नगर स्थित उत्सव भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में 56, गाजियाबाद सदर विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर, बूथ और जोन स्तर पर कमेटियों के गठन एवं महानगर कार्यकारिणी की समीक्षा की गयी।

बाद में प्रेस वार्ता में विनोद सविता ने कहा कि सदर विधान सभा में लगभग सभी जोन और सेक्टरों का गठन कर लिया गया है, बूथ स्तर पर कमेटियों के गठन की समीक्षा एवं सभी जोन और सेक्टर प्रभारियों की रिपोर्ट देखी गयी, उन्होंने कहा कि कमेटियों के गठन के बाद पीडीए सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा।

विनोद सविता ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने 2027 विधान सभा चुनाव की तैयारियों के लिए पूरी ताकत झोंक दी है, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के द्वारा बनाये गये पीडीए के बढ़ते प्रभाव से भाजपा घबरा गयी है, यही वजह है कि भाजपा भी अब जाति को आधार बनाकर सम्मेलनों का आयोजन कर रही है, लेकिन जनता अब इनके बहकावे में आने वाली नहीं है, भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार से नवजवान, व्यापारी, किसान, मजदूर, महिलाऐं एवं सब परेशान है, 2027 में श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है, उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए बूथ स्तर पर अभी से जुट जाने को कहा।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, राजन कश्यप, विशाल वर्मा, गुलाब यादव, मनोज पंडित, अमन यादव, जयवीर सिंह, राजवीर सिंह गौतम, रविंदर यादव, जितेन्द्र जाटव, शहनवाज खान, किरण कालिया, श्रीमती अनुष्का, कृष्ण पाल यादव, मन्जूर खान, पप्पू यादव, विक्की ठाकुर, अंशु ठाकुर, योगेश सिरोही, नरेश बत्रा, इरफान अमानत, सुनीता पांचाल, नितिन मिश्रा, फहीम पार्षद, निसार कस्सार, राज कुमार भारती, सचिन चौधरी, दीपक शर्मा, अब्बाश हैदर, विवेक त्यागी, अंकुर यादव, रोहित माथुर, दिवाकर गुप्ता, सुरेन्द्र यादव, कैप्टन सतपाल, रणवीर चौधरी, गौरव तिवारी, जिलेखान सलमानी, नवीन कश्यप, सलेक चन्द जाटव, जगदीश यादव, आशु अब्बाशी, योगेश यादव, सोनू सैनी, संजय गौतम, चंद्रपाल सिंह, ललित जाटव, उमेश कश्यप, संजय यादव, विरेन्द्र यादव, शुभम सिंघल, अवधेश यादव, अमित यादव, सद्दाम, हाफिज नूर मोहम्मद, राहुल नागर, मनीष यादव, अमिता, विजेंदर, रियासुद्दीन टोनी, राहुल पंडित, मुस्तफा, मुकेश जाटव, राज कुमार चौधरी, समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# धर्म यात्रा महासंघ ने अध्यक्ष विकास बंसल के नेतृत्व में मीठे शरबत का वितरण किया

**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। धर्म यात्रा महासंघ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अध्यक्ष विकास बंसल के नेतृत्व में जीटी रोड़ स्थित श्री माता वैष्णो मंदिर स्टेशन तिराहे पर गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। मीठे शर्बत का वितरण भी किया गया। संस्था के अध्यक्ष विकास बंसल ने बताया कि भगवान की पूजा-अर्चना के बाद प्रातः 11 बजे से मीठे शर्बत का वितरण शुरू हुआ, जो दोपहर बाद तक चलता रहा। हजारों लोगों ने प्रसाद के रूप में मीठा शर्बत ग्रहण किया। संस्था समाज सेवा के साथ धर्म सेवा में भी सबसे आगे रहती है। गंगा दशहरा, निर्जला एकादशी समेत अन्य पर्वों पर भंडारे लगाया जाता है और शर्बत वितरण किया जाता है। जरूरतमंदों की यथा संभव हर प्रकार की सहायता भी की जाती है।

विकास बंसल ने कहा कि गंगा दशहरा के दिन मां गंगा का ध्यान करके उनकी पूजा करना व उनके मंत्रों का जाप करना भी लाभकारी होता है। पूजन में जो भी सामग्री प्रयोग करें उनकी संख्या 10 होनी चाहिए। विशेष रूप से 10 दीपक का प्रयोग करने से मां गंगा प्रसन्न होती हैं और भक्तों पर अपनी कृपा की बारिश करती है, जिससे उनका जीवन सुखमय होता है। विकास बंसल ने बताया कि संस्था के महामंत्री निपेन्द्र गोस्वामी, सरंक्षक पं. रामदास, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता, संजीव बसरा, विपिन अग्रवाल, मदन गोपाल शर्मा, देवांश अग्रवाल, कृष्णा सिंघल, मुकेश कुमार, मंयक बंसल, दिनकर, देवेश, नीरज, रामकुमार, दिनेश शर्मा, संजीव बरनवाल, पुनित जैन, विनोद कुमार, राजकुमार अग्रवाल, अतुल गुप्ता, शांशक जिंदल, दीपक बंसल, नितिन चौहान, लकी बंसल, अनुपम सारस्वत, तरूण शर्मा, आदि सभी पदाधिकारियों ने गुरूवार को शर्बत वितरण में पूरा सहयोग दिया।



# 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की कूटनीतिक और सैन्य क्षमता का प्रतीक : अतुल गर्ग



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। भारत सरकार की पहल पर मोहन नगर स्थित आई.टी.एस. कॉलेज में 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर एक विशेष संस्मरण वार्ता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत की रणनीति और संसद की भूमिका को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजियाबाद के सांसद श्री अतुल गर्ग रहे, जो हाल ही में लाइबेरिया, यूएई, कोंगो, सिएरा लियोन आदि देशों की कूटनीतिक यात्रा से लौटे हैं। यह यात्रा भारत सरकार द्वारा वैश्विक सहयोग, सांस्कृतिक समन्वय और आतंकवाद-रोधी दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने हेतु आयोजित की गई थी, जिसमें श्री गर्ग ने उत्तर प्रदेश के एकमात्र सांसद के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। सांसद अतुल गर्ग ने कहा, यह यात्रा केवल सांस्कृतिक और आर्थिक साझेदारी की नहीं थी, बल्कि भारत की सुरक्षा नीति और आतंकवाद के विरुद्ध हमारे दृढ़ निश्चय को वैश्विक स्तर पर रखने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की कूटनीतिक और सैन्य क्षमता का प्रतीक है, जिसके माध्यम से हमने पाकिस्तान की नापाक हरकतों को तथ्यों के साथ दुनिया के सामने उजागर किया। उन्होंने बताया कि जब प्रतिनिधिमंडल यूएई पहुंचा, तो वहां के अधिकारियों ने कहा, श्यह हमला केवल भारत पर नहीं, हम सब पर है। मुस्लिम देशों में भी भारत के प्रति सहानुभूति और पाकिस्तान के प्रति आक्रोश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। पाकिस्तान की छवि वहां भिखारी राष्ट्र जैसी है, जो हर ताकतवर देश से मदद मांगता फिरता है। राज्यसभा सांसद एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री मनन मिश्रा ने कहा, भारत अब सहन करने वाला नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही करने वाला देश बन चुका है। हमें वैश्विक मंचों और संसद दोनों में भारत की दृढ़ नीति और सुरक्षा दृष्टिकोण को मजबूती से रखना चाहिए। मुस्लिम देशों की हमारी यात्रा में यह बात साफ देखने को मिली कि वहां का नेतृत्व एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है और भारत के साथ खड़ा है।

राज्यसभा सांसद डॉ. सस्मित पात्रा ने कहा, हम भले ही विपक्ष की राजनीति करते हों, लेकिन जब बात देश की सुरक्षा और सम्मान की हो, तो हम सब एक हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क को उजागर करने की ऐतिहासिक पहल है। इससे भारत की वैश्विक साख और सुरक्षा नीति को और मजबूती मिली है। भारत अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कहीं अधिक सशक्त और प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा, गाजियाबाद के सांसद द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना हमारे शहर के लिए गर्व की बात है। आज देश दो धाराओं में बंट चुका है–एक जो आतंकवाद के सहारे सत्ता चलाना चाहते हैं, और दूसरी जो आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए कटिबद्ध हैं।

विधायक संजीव शर्मा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, हमारे सैनिकों की बहादुरी और सरकार की दृढ़ नीतियों के कारण ही आज भारत एक मजबूत राष्ट्र बनकर उभरा है। ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में राष्ट्रप्रेम और जागरूकता की भावना और भी प्रबल होती है। कार्यक्रम संयोजक पप्पू पहलवान ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे गंभीर विषय पर चर्चा हेतु गाजियाबाद का चयन हमारे लिए गौरव की बात है। हमारा प्रयास है कि आम नागरिक भी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति जैसे मुद्दों के प्रति सजग और जागरूक बनें। कार्यक्रम की अन्य प्रमुख झलकियाँ, कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि एवं वरिष्ठ पत्रकार राज कौशिक ने किया। इस अवसर पर मंच पर प्रमुख रूप से विधायक संजीव शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, अमरदत्त शर्मा, विजय मोहन, पृथ्वी सिंह कसाना, चेयरमैन विभु बंसल, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, डिप्टी मेयर राजीव शर्मा आदि रहे।

# विदेश यात्रा से लौटे सांसद अतुल गर्ग का हुआ भव्य स्वागत





**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। विदेशों में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करने हेतु भारत सरकार द्वारा चलाए गए ह्लऑपरेशन सिंदूरह्व के तहत विदेश यात्रा से लौटे गाज़ियाबाद के सांसद श्री अतुल गर्ग जी का उनके निवास स्थान पर राम अवतार जिन्दल व अनिल गर्ग आदि द्वारा भव्य स्वागत व सम्मान किया गया।

इसके उपरांत आई.टी.एस कॉलेज, मोहन नगर में आयोजित ह्लसंस्मरण वार्ताह्व कार्यक्रम में सांसद श्री अतुल गर्ग जी ने ऑपरेशन सिंदूर के अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की दोहरी नीति और आतंकवाद को लेकर उसकी भूमिका को उजागर किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सांसद मनन मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सरकार की विदेश नीति की सराहना करते हुए कहा कि भारत अब आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका मजबूती से निभा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत ह्लभारत माता की जयह्व और वन्दे मातरम् जैसे नारों से हुई, जिससे माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार जिन्दल के साथ इस गरिमामयी अवसर पर अनिल गर्ग, राकेश मित्तल, संजय अग्रवाल, निर्मल गोयल, गुलशन भावंरी, एवं पार्षद राजीव अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल भारत सरकार की सफल कूटनीति को जनसाधारण तक पहुँचाना था, बल्कि राष्ट्र के प्रति जनमानस में जागरूकता, गर्व की भावना को भी प्रोत्साहित करना रहा।

# प्रथम मेजर अंडर-13 बैडमिंटन स्टेट टूर्नामेंट-2025 का हुआ समापन



**सत्ता बन्धु**


गाजियाबाद। गाज़ियाबाद में आयोजित प्रथम मेजर अंडर-13 बैडमिंटन स्टेट टूर्नामेंट - 2025 का समापन समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। टूर्नामेंट के तीसरे और अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया, जिसे दर्शकों ने करतल ध्वनि से सराहा।

समारोह के मुख्य अतिथि सुनील शर्मा,मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार थे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पी. एन. अरोरा चेयरमैन, यशोदा ग्रुप; अंजुल अग्रवाल, वाइस चांसलर, एचआरआईटी यूनिवर्सिटी; एवं सतीश शर्मा, । समापन समारोह की अध्यक्षता ललित जयसवाल, अध्यक्ष, गजिआबाद बैडमिंटन एसोसिएशन ने की। बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धी रहे। खिलाड़ियों ने अनुशासन में रहते हुए पूरे जोश और लगन के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। टूर्नामेंट की सफलता में खिलाड़ियों के साथ-साथ आयोजन समिति और दर्शकों का भी विशेष योगदान रहा। फाइनल विजेताओं की सूची इस प्रकार रहीः बालक वर्ग - सिंगल्सः विजेताः शार्दूल खत्री कानपुर उपविजेताः कुशाग्र द्विवेदी लखनऊ बालक वर्ग - डबल्सः विजेताः कुशाग्र द्विवेदी लखनऊ एवं शिवेश गुप्ता उपविजेताः शार्दूल खत्री कानपुर एवं कंदर्प खत्री कानपुर बालिका वर्ग - सिंगल्सः विजेताः वन्या चौधरी नोएडा उपविजेताः गर्विता त्रिपाठी मेरठ बालिका वर्ग डबल्सः विजेताः गर्विता एवं वन्या नोएडा उपविजेताः प्रियंका जैसवाल एवं उर्वशी वाराणसी प्रतियोगिता के मुख्य रेफरी अजय सिंह ने टूर्नामेंट की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे संगठित और सफल प्रतियोगिता बताया। उन्होंने सभी आयोजकों, कोचों और तकनीकी अधिकारियों का धन्यवाद किया।

आयोजन समिति के टेक्निकल चेयरमैन अमित शर्मा की देखरेख में टूर्नामेंट का संचालन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस सफल आयोजन ने बाल खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय मंच प्रदान कर उनके आत्मविश्वास को नया आयाम दिया है। आगामी वर्षों में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का संकल्प लिया गया है। अन्य गणमान्य जो उपस्थित रहे बी एल बत्रा, राजीव मालिक, अतुल कुमार, दिवांशु सिंघल, सुमित कुमार, गिरीश चौहान, दिशा यादव, हर्षित आदि सभी निर्णायक मंडल को प्रशस्ति पत्र एव स्मृति चिन्ह देकर सुनील शर्मा एवं डॉ पी एन अरोरा ने सम्मानित किया। विजेता खिलाड़ियों को 100000/- रुपये पुरुस्कार राशि के रूप में दिए गए।

# सिर्फ नदी नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रतीक हैं मां गंगाः सुभाष गुप्ता



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। गंगा दशहरा के मौके पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सभापति एवं समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मोक्षदायिनी और जीवनदायिनी माँ गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सभी श्रद्धालुजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ। मां गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और आस्था की जीवंत प्रतीक हैं। उनकी पावन धारा ने अनादिकाल से न केवल तन-मन को शुद्ध किया है, बल्कि भारतीय सभ्यता को दिशा और गति भी दी है। उन्होंने गंगा दशहरा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि आज का दिन हिंदू धर्म में अत्यंत पावन माना गया है। मान्यता है कि इस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। गंगा दशहरा का पर्व ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन किसी भी चीज का दस की संख्या में दान करने का विशेष महत्व है। इस दिन स्नान व दान करने से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और आर्थिक लाभ होता है।

# मेवाड़ में वीर सावरकर जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित वीर सावरकर जयंती समारोह में देशभक्तिपूर्ण कविताओं, भजनों व भाषणों ने खूब समां बांधा। इंस्टीटृयूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि हम रोजाना मौत से डरना बंद करें। मृत्यु पर विजय पाना सीखें। कायरता का जीवन त्यागकर देश व समाज को आगे बढ़ाने की बात करें। तभी हम सच्चे अर्थों में वीर सावरकर की जयंती मनाने में सफल हो पाएंगे। डॉ.गदिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि युवाओं को आज नौकरियां मिलें, यह तो जिंदगी का एक सफल मकसद हो सकता है मगर देश और समाज के लिए युवाओं को प्रेरित कर सकें, यह एक शिक्षक का काम है। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस इसी भावना को मिशन के रूप में लेकर निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर मुस्लिम विरोधी कतई नहीं थे। वह 200 सबजातियों में बंटी हिन्दू संस्कृति के खिलाफ थे। इस संस्कृति को संगठित करना ही उनका मकसद था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सावरकर के अधूरे सपने के एकांश को पूरा करने में सफलता अर्जित की है। उन्होंने आगे कहा कि अपनी समस्या खुद ही हल करनी होगी। मेवाड़ में भी एक इंडिया हाउस है, जिसमें महापुरुषों की जयंतियों के अलावा देश व समाज को आगे बढ़ाने वाले कार्यों को करना अपना नैतिक कर्तव्य समझा जाता है।

# दिनेश कुमार गोयल सभापति की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समीति की बैठक सम्पन्न



**सत्ता बन्धु**

लखनऊः सभागार लखनऊ में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जॉच समिति की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें निर्णय लिया गया है कि सभी शहरों के अपार्टमेन्टस, सोसाइटियों, फ्लैटों, आरडब्लूए द्वारा यदि 51 प्रतिशत उपभोक्ताओं द्वारा अपना अलग-अलग विद्युत कनेक्शन लेने के लिए लिखित सहमति दे दी जाएगी तो विद्युत विभाग द्वारा उनको अलग से कनैक्शन दे दिया जाएगा। जिसके अन्तर्गत उन्हे सरकारी घरेलू मूल्य दर से विद्युत बिल का भुगतान करना होगा।

क्योकि वर्तमान में ऐसी व्यवस्था नही है बिल्डर्स व सोसाइटी अपने मनमानें तरीके से बिजली बिलो की अवैध उगाही कर रहे है जोकि अनुचित है। इसके साथ साथ अन्य विभिन्न समस्याओं का समाधान भी इस मीटिग में करने हेतु सभापति दिनेश कुमार गोयल द्वारा सम्बान्धित अधिकारियों को आदेशित किया गया। इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्वनी त्यागी, रवि शंकर पप्पू भैया, सीपी चन्द, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ रतन पाल सिंह, सदस्यगण विधान परिषद व नरेन्द्र भूषण प्रमुख सचिव ऊर्जा, डा आशीष गोयल चेयरमैन विधुत वितरण खण्ड, पूर्वांचल, मध्याचल, दक्षिणांचल के एमडी व अन्य विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने एक बार फिर औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने की मांग उठाई



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः उत्तर प्रदेश के विकास एवं प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की असीम संभावनायें हैं, जिसके लिए प्रदेश में उद्योगों का विकास तीव्र गति से होना आवश्यक है। इस विकास की गति में एक बाधक कारक प्रदेश के उद्योगों को सरकार द्वारा लीज पर दी गई भूमि है।

औद्योगिक भूमि के लीज होल्ड होने से उद्यमियों को अपने उद्योग में छोटे से छोटे कार्य के लिए यूपीसीडा का अथवा उद्योग निदेशालय से अनुमति लेने के लिए चक्कर लगाने पड़ते हैं इस प्रक्रिया में कई बार उद्यमी भ्रष्टाचार का भी शिकार बन जाते है। इसके अतिरिक्त इन अनुमतियों को जारी करने की प्रक्रिया में यूपीसीडा अथवा उद्योग निदेशालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों का भी बहुमूल्य समय नष्ट होता है। उपरोक्त समस्याओं के समाधान हेतु इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं प्रदेश के अन्य औद्योगिक संगठन (अ-20) लंबे समय से प्रदेश सरकार से मांग कर रहे हैं कि प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड इस शर्त के साथ कर दिया जाए कि इसका भू-उपयोग केवल औद्योगिक ही रहे व अन्य किसी प्रयोजन के लिए उपयोग न हो, जब तक सरकार का इस संबंध में कोई अन्य आदेश जारी ना हो तथा जो इकाइयाँ एक निश्चित समय से उत्पादन में हैं, उनको ही फ्री होल्ड किया जाए। उल्लेखनीय है कि देश के अन्य राज्यों जैसे- हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम-बंगाल, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और तमिलनाडु में लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड में बदलने की पालिसी लागू है।

यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास विभाग द्वारा विभिन्न कम्पनियों हेतु अधिग्रहित की गयी भूमि को फ्री होल्ड किये जाने सम्बन्धी नीति वर्ष 2016 में जारी कर दी गयी है, जो एक हेक्टेयर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल में कार्यरत इकाइयों के लिए लागू है।

# 34 हजार वर्ग मीटर पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्राधिकरण की कार्यवाही जारी है। बुधवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में परवेन्द्र सिंह आदि द्वारा गाटा संख्या-921, मधुबन बापूधाम बम्बा रोड, दुहाई पर लगभग 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में, वरूण त्यागी व योगेश शर्मा आदि द्वारा खसरा संख्या- 919, मधुबन बापूधाम बम्बा रोड, दुहाई पर लगभग 12000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में, वरूण त्यागी व योगेश शर्मा आदि द्वारा खसरा संख्या-919, मधुबन बापूधाम बम्बा रोड, दुहाई पर लगभग 20000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, आरसीसी सड़क, विद्युत कनैक्शन विच्छेदित कराते हुए विद्युत पोल, पानी की पाईप लाईन, नाली आदि के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया। लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं समस्त सुपरवाईजर, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

# जीडीए वीसी ने अब अवर अभियंता को किया कार्यालय से संबद्ध

**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र के प्रवर्तन खंडों में प्राधिकरण उपाध्यक्ष की सख्ती के बावजूद अभियंताओं के भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन खंड दो में सुपरवाइजर को निलंबित करने के बाद अब अवर अभियंता को प्राधिकरण कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। इसके साथ ही दोनों के खिलाफ विभागीय जांच के लिए शासन को पत्र भेजा गया है।



बता दें कि सोमवार को विजिलेंस टीम ने दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए जीडीए के सुपरवाइजर राजकुमार को गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन जोन दो मे तैनात वर्क सुपरवाइजर राजकुमार द्वारा अपने कार्यक्षेत्र मुरादनगर मे स्थल निरीक्षण के समय रिश्वत लेते हुए विजिलेंस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया था। राजकुमार द्वारा निर्माणकर्ता महावीर यादव एडवोकेट से दो लाख रुपये की रिश्वत ले रहा था। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स का मानना है कि राजकुमार सुपरवाईजर द्वारा उत्तर प्रदेश सरकारी आचरण नियमावली के विपरीत अपने दायित्वों के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरती गयी, जिससे प्राधिकरण की छवि धूमिल हुई है। राजकुमार को निलंबित कर दिया गया था व जांच अधिकारी नामित कर उक्त के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही व तथ्यों की जांच हेतु निर्देशित किया गया था। यह भी निर्देश दिये गये थे कि जाँच में दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। इस मामले में संबंधित अवर अभियंता (जेई) अजीत कुमार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने पर जीडीए उपाध्यक्ष ने अजीत कुमार को तत्काल प्रभाव से प्रवर्तन जोन दो के मुरादनगर क्षेत्र के दायित्व से मुक्त करते हुए प्राधिकरण कार्यालय से संबद्ध करने के साथ ही विभागीय जांच हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

# रोबोटिक सर्जरी में एक नया युग-यशोदा अस्पताल, संजय नगर ने एक दिन में 9 रोबोटिक सर्जरी की




**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए, यशोदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर, गाजियाबाद ने शनिवार को एक ही दिन में नौ रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की। इन प्रक्रियाओं में आठ रोबोटिक कोलेसिस्टेक्टॉमी (पित्ताशय हटाने की सर्जरी) और एक रोबोटिक इंजुनल हर्निया मरम्मत शामिल थी। सभी सर्जरी बिना किसी जटिलता के पूरी की गईं और प्रत्येक मरीज को 24 घंटों के भीतर छुट्टी दे दी गई - यह एक मील का पत्थर है जो मरीज की सुरक्षा, सटीकता और तेजी से रिकवरी के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस असाधारण उपलब्धि का श्रेय यशोदा समूह के अध्यक्ष डॉ. दिनेश अरोड़ा और समूह निदेशक डॉ. रजत अरोड़ा के स्पष्ट और निरंतर दृष्टिकोण को जाता है। उनका मिशन विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को हर नागरिक के लिए सुलभ बनाना है, जिसने यशोदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर, गाजियाबाद को रोबोटिक और न्यूनतम पहुंच सर्जरी के लिए उत्कृष्टता का केंद्र बना दिया है। हमें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों जैसे रोबोटिक सर्जरी को टियर -2 शहरों में सुलभ बनाने का लक्ष्य है, जो पहले केवल प्रीमियम महानगर अस्पतालों तक ही सीमित थी, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें, डॉ. दिनेश अरोड़ा, अध्यक्ष, यशोदा समूह के अस्पताल ने कहा। रोबोटिक सर्जरी, जिसे कभी भविष्यवादी माना जाता था, आज एक व्यावहारिक वास्तविकता है जो मरीजों के लिए कई लाभ प्रदान करती है, डॉ. रजत अरोड़ा, समूह निदेशक, यशोदा समूह के अस्पताल ने कहा। इस तकनीक में विशेषज्ञ सर्जनों द्वारा रोबोटिक कंसोल के माध्यम से नियंत्रित अत्यधिक सटीक सर्जिकल उपकरण शामिल हैं। ये उपकरण छोटे चीरे के माध्यम से सर्जरी को सक्षम करते हैं, जिससे काफी कम दर्द, तेजी से रिकवरी, छोटे निशान और न्यूनतम रक्तस्राव होता है। मरीज जो पहले दिनों या हफ्तों के अस्पताल में रहने की आवश्यकता होती थी, अब एक दिन के भीतर घर लौट सकते हैं - और अपने दैनिक जीवन में बहुत जल्द वापस आ सकते हैं, डॉ. रजत अरोड़ा ने कहा। यशोदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और कैंसर इंस्टीट्यूट में सभी नौ सर्जरी डॉ. सुशील फोटेदार, निदेशक, सामान्य, न्यूनतम पहुंच और रोबोटिक सर्जरी और उनकी टीम द्वारा की गईं। डॉ. सुशील फोटेदार के अनुसार, रोबोटिक-सहायता प्राप्त प्रक्रियाएं बेजोड़ सटीकता, बेहतर परिणाम और पोस्टऑपरेटिव दर्द प्रबंधन की आवश्यकता को नाटकीय रूप से कम करती हैं। मैं आगे यह भी कहना चाहूंगा कि इनमें से किसी भी मरीज को मजबूत दर्द निवारक दवाओं की आवश्यकता नहीं थी और वे सभी तेजी से ठीक हो गए, जो इस तकनीक की सुरक्षा और प्रभावशीलता को मजबूत करता है, डॉ. फोटेदार ने कहा।

# अग्रवाल महासभा ने गंगा दशहरे पर वितरित किया शरबत





**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। गंगा दशहरे के पावन पर्व पर अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा की जिला, महानगर एवं महिला इकाई ने संयुक्त रूप से मालीवाड़ा चौराहे के नजदीक लोकप्रिय अस्पताल के बाहर कैम्प आयोजित कर हजारों लोगों को मीठे शर्बत का वितरण किया गया। इससे पूर्व संस्था के पदाधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने इस सेवा के लिए संस्था के सभी पदाधिकारियों की सराहना की तथा शर्बत वितरण में भी सहयोग किया। दो तीन घंटे चले इस कैंप में हजारों लोगों ने शर्बत ग्रहण किया। इस मौके पर संस्था के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता दिनेश अग्रवाल जिला मंत्री , कालीचरण गुप्ता नगर अध्यक्ष, अनिल मित्तल , एस.एल अग्रवाल, नरेन्द्र कुमार नंदी, एल एम अग्रवाल, वीके अग्रवाल, महिला जिला अध्यक्ष भारती गर्ग, जिला मंत्री अमिता गोयल, मंत्री रेखा अग्रवाल,रेनू गर्ग, ऊषा गर्ग, राजबाला , रजनी गुप्ता, संदीप बंसल , विपिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में माता-पिता व बच्चों के ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में 16 मई से 30 मई तक आयोजित PARENT KID SUMMER CAMP में बच्चों व उनके माता पिता ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा से दिखाया कि वे शिक्षा ही नहीं हर क्षेत्र में आगे हैं। PARENT KID SUMMER CAMP का समापन स्कूल के चेयरमैन जे.के.गौड़ ने किया। उन्होंने कहा कि इस बार समर कैंप में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिला, बच्चों के साथ इस बार उनके अभिवावकों ने भी बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ करूण कुमार गौड़ ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके, इस उददेश्य से ही समर कैंप का आयोजन किया जाता है। समर कैंप में बच्चे प्रत्येक दिन विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर इंजॉय किया। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू गौड़ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जहां बच्चों की प्रतिभा निखरती है, वहीं उनकी गर्मियों के अवकाश का सदुपयोग भी हो जाता है। बच्चों को सम्मानित भी किया गया। समर कैंप में आर्ट, डांस, पर्सनलेटी डेवलपमेंट जम्बा गायन आदि कई खेल प्रतियोगिताएं भी हुईं जिनमें सैकडों बच्चों ने भाग लिया।

# नेहरु वर्ल्ड स्कूल के 12 विद्यार्थियों ने जे०ई०ई० एडवांस में सफलता



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः सोमवार को जे०ई०ई० एडवांस परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के छात्रों ने एक बार फिर आशातीत सफलता प्राप्त की।

कुल 12 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। जो विद्यालय, विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए हर्ष का विषय है। इन छात्रों की सीखने के प्रति समर्पण, स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण के साथ-साथ समयबद्ध अध्ययन व दृढसंकल्प के कारण स्कूल को इतने उत्कृष्ट परिणाम मिले हैं। सफल होने वाले छात्रों में सक्षम, क्रियाशील गर्ग, आराध्या अग्रवाल, मानव यादव, पार्थ गोयल, वेदास्तव मिश्रा, ओजस सचदेवा, वात्सल्य श्रीवास्तव, प्रथित द्विवेदी, दिव्यांशी श्रीवास्तव, नोवेश कौशिक, विवान श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर स्कूल की एक्जीक्यूटिव हैड सुसन होम्स ने कहा हम छात्रों को भविष्य की उपलब्धियों के बारे में जानने व सुनने के लिए सदैव उत्सुक रहते है,

क्योंकि ये सब ही अपने चुने हुए क्षेत्रों में कल के नेता होंगे।

निदेशक डा० अरुणाभ सिंह ने कहा जे०ई०ई० एडवांस परीक्षा दुनिया की कठिन परीक्षाओं में से एक है। मैं छात्रों व उनके अभिभावकों व अध्यापकों को शुभकामनाएँ देता हूँ, वे भविष्य में अच्छी शिक्षा ग्रहण करके एक सफल नागरिक व इंजीनियर बन सकें।

# मेरी आत्मा तो भगवान दूधेश्वर के चरणों में ही विराजमान है : वी.के. सिंह

**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः मिजोरम के राज्यपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री व गाजियाबाद के पूर्व सांसद जनरल वी के सिंह शनिवार को गाजियाबाद अपने राजनगर स्थित आवास पहुंचे तो वे भगवान दूधेश्वर का दर्शन-पूजन व अभिषेक करना नहीं भूले। उन्होंने सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना की व उनका अभिषेक किया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने सभी सिद्ध गुरू समाधियों के आगे मत्था टेका।



मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज इन दिनों राजस्थान की धर्म यात्रा व देव दर्शन यात्रा कर रहे हैं। जनरल वी के सिंह ने उनसे फोन पर बातचीत कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और कहा कि वे भले ही मिजोरम के राज्यपाल बन गए हों, मगर उनकी आत्मा आज भी भगवान दूधेश्वर नाथ के चरणों में ही विराजमान है। उनका दिल आज भी गाजियाबाद के लोगों के दिलों में ही धडकता है। यह भगवान दूधेश्वर की कृपा, श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज का आशीर्वाद व गाजियाबाद के लोगों का प्रेम, स्नेह व सहयोग ही है, जिसने उन्हे आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। भगवान दूधेश्वर के दर्शन-पूजन से ही हर चुनौती का सामना कर उन पर विजय प्राप्त करने की शक्ति मिलती हैं। श्रीमहंत नारायण गिरि से धर्म, आध्यात्म, भक्ति को लेकर जो चर्चा होती है, वह उन्हें समाज सेवा व देश सेवा करते हुए निरंतर आगे बढते रहने की प्रेरणा देती है। वे भगवान दूधेश्वर व गाजियाबाद को कभी भी नहीं भूल सकते हैं, क्योंकि उनकी आत्मा तो यही बसती है। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी के सिंह भगवान दूधेश्वर के अनन्य भक्त हैं और हर सोमवार को व्रत रखते हैं। उन पर भगवान दूधेश्वर की असीम कृपा है और उन्हें जब भी मौका मिलता है।